OMAXE
Turning dreams into reality

**OL/SE/192/FEB 2019-20** **February 6, 2020**

| | |
|---|---|
| The Secretary<br>**BSE Limited**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers Limited<br>Dalal Street , Mumbai 400 001 | The Secretary<br>**National Stock Exchange Limited**<br>Exchange Plaza<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>Mumbai 400 051 |
| **Security code:** 532880 | **Symbol:** OMAXE |
| Fax No 022-22723121/2037/39/41/61 | Fax No 022-2659 8237/38 |

**SUB: Publication in Newspaper of Notice of the Board Meeting of the Company to be held on February 12, 2020**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copies of the Newspaper Advertisement of Notice of the Board Meeting of the Company scheduled to be held on February 12, 2020 published in "Business Standard (New Delhi, English Edition) & Business Standard (New Delhi, Hindi Edition)."

The aforesaid Newspaper Publications are also uploaded on Company's website.

You are requested to take the same on your records.

Thanking You
Your's Faithfully

**For Omaxe Limited**

**Navin Jain**
**Company Secretary**

Encl: a/a

" This is to inform that please make all correspondence with us on our **Corporate Office** Address only"

OMAXE LIMITED
**Corporate Office:** 7, Local Shopping Centre, Kalkaji, New Delhi-110019.
**Tel.:** +91-11-41896680-85, 41893100, **Fax:** +91-11-41896653, 41896655, 41896799

**Regd. Office:** Shop No. 19-B, First Floor, Omaxe Celebration Mall, Sohna Road, Gurgaon - 122 001, (Haryana)
**Toll Free No.** 18001020064, **Website:** www.omaxe.com, **CIN:** L74899HR1989PLC051918

# MCX
METAL & ENERGY
Trade with Trust

**Multi Commodity Exchange of India Limited**

Exchange Square, CTS No. 255, Suren Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400 093.
www.mcxindia.com

## NOTICE

NOTICE is hereby given that **following Members** of Multi Commodity Exchange of India Ltd have requested for surrender of their Membership:

| Sr. No. | Name of the Member(s) | Member ID | SEBI Reg. No. | Timeline for Receiving Claims/ Complaints |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sumangal Commodities Private Limited | 15375 | INZ000083539 | 30 days |
| 2 | Shreni Commodity Private Limited | 45985 | INZ000041837 | 60 days |

Any client(s)/constituent(s) of the above referred Members, having any claim/dispute/complaint against these Members, arising out of the transactions executed on MCX platform, may lodge their claim within the timelines as provided in the above table, failing which, it shall be deemed that no claim exist against the above referred Members or such claim, if any, shall be deemed to have been waived. The complaints so lodged will be dealt with in accordance with the Bye-Laws, Rules and Business Rules of the Exchange.

The Client(s)/Constituent(s) may submit their claim on the online portal of the Exchange (https://igrs.mcxindia.com) or provide "Client Complaint Form" (available at www.mcxindia.com) in hard copy to Investor Services Department, Multi Commodity Exchange of India Ltd., Exchange Square, CTS No. 255, Suren Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400 093 or email it at grievance@mcxindia.com

Upon surrender of Membership, the Authorised Person(s) (APs), if any, registered through these Members shall also cease to exist and therefore, such APs are not authorized henceforth to deal in that capacity.

***For Multi Commodity Exchange of India Ltd.***
***Sd/-***
*Authorised Signatory – Membership Department*

*Place: Mumbai*
*Date: February 05, 2020*

OMAXE
Turning dreams into reality

**OMAXE LIMITED**
**(CIN:** L74899HR1989PLC051918)
**Regd. Office:** Shop No.19- B, First Floor, Omaxe Celebration Mall, Sohna Road, Gurugram-122001, Haryana
**Corp. Office:** Omaxe House, 7, LSC, Kalkaji, New Delhi-110019
**Tel:** +91-11-41896680-85
**Fax:** +91-11-41896799
**Website:** www.omaxe.com
**Email:** secretarial_1@omaxe.com

**NOTICE**

NOTICE is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 and other relevant Regulations of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of Board of Directors of the Company & Audit Committee will be held on Wednesday, the 12th day of February, 2020 at Board Room, 3rd Floor, Building No. 11, Local Shopping Complex, Kalkaji, New Delhi-110019, to consider and approve, inter-alia, the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the Quarter and Nine Months ended on December 31, 2019 along with Limited review report thereon at the recommendation of the Audit Committee which will consider and review the same at its meeting scheduled to be held on the same day.

Further, to inform that the "Trading Window" for dealing in Equity Shares of the Company was closed from January 01, 2020 till 48 hours after the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results are submitted to the Stock Exchanges pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 read with BSE & NSE clarification vide Circular no. LIST/COMP/01/2019—20 and NSE/CML/2019/11 respectively and in accordance with Company's Code of Conduct. The same was also intimated to all the designated person(s) of the Company.

Hence, in view of above, the trading window shall be remain closed till the end of business hours on Friday, 14th Day of February, 2020.

This notice is also available on Company's website i.e. www.omaxe.com and on websites of the Stock Exchange(s) i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com, where the Equity Shares of the Company are Listed.

**For OMAXE LTD.**
**Sd/-**
**(Rohtas Goel)**
**Chairman & Managing Director**

**Gurugram**
**05.02.2020**

# CENTURY ENKA LIMITED
CIN: L24304PN1965PLC139075


**Regd. Office:** Plot No.72 & 72A, MIDC, Bhosari, Pune - 411026.
**Tel. No.:** 020-66127300 • **Fax No.:** 020-27120113
**Website:** www.centuryenka.com • **Email:** cel.registeredoffice@birlacentury.com

## Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months Ended 31st December, 2019


₹ in Lacs

| Sr. | Particulars | Three Months Ended | Nine Months Ended | Three Months Ended |
|---|---|---|---|---|

## खबरों में रहे स्टॉक




**एवेन्यू सुपरमार्ट्स**




सबसे अधिक मूल्यवान 20 कंपनियों की सूची में शामिल

₹ 2,155.45 पिछला बंद भाव
₹ 2,249.30 आज का बंद भाव
▲4.35 %


**ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज**




कंपनी मामलों के मंत्रालय ने कंपनी के बहीखातों की जांच का आदेश दिया

₹ 245.05 पिछला बंद भाव
₹ 226.70 आज का बंद भाव
▼7.49 %


**अवंति फीड्स**




तीसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ 36 फीसदी घटा

₹ 668.40 पिछला बंद भाव
₹ 599.00 आज का बंद भाव
▼10.38 %


**टाटा मोटर्स**




ऑटो एक्सपो 2020 में कई वाहनों का अनावरण किया

₹ 165.70 पिछला बंद भाव
₹ 183.75 आज का बंद भाव
▲10.89 %

**बीपीसीएल**




बोली लगाने में रोसनेफ्ट की दिलचस्पी की खबर

₹ 478.70 पिछला बंद भाव
₹ 501.65 आज का बंद भाव
▲4.79 %

## संक्षेप में

### एनआईआईटी का लाभ 40 फीसदी बढ़ा

कौशल और प्रतिभा विकास के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी एनआईआईटी के बुधवार को जारी तीसरी तिमाही नतीजों में एकीकृत शुद्ध लाभ 40 फीसदी बढ़कर 27.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी क्षेत्र से मांग बढ़ने से उसका मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 19.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर से दिसंबर अवधि में एनआईआईटी का एकीकृत राजस्व 10 फीसदी बढ़कर 247.6 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 225.5 करोड़ रुपये रहा था। कंपनियों से पढ़ाई करने के लिए आने वाले समूहों से प्राप्त राजस्व इस दौरान 189.5 करोड़ रुपये रहा। *भाषा*

### बॉश के शुद्ध लाभ में गिरावट

वाहन पुर्जे बनाने प्रमुख कंपनी बॉश लिमिटेड के प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। कंपनी ने दिसंबर 2019 को समाप्त तीसरी तिमाही में अपने शुद्ध लाभ और राजस्व दोनों में ही गिरावट दर्ज की है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर अवधि के दौरान अपने कर पूर्व लाभ में सालाना आधार पर 27.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की और यह लुढ़ककर 347.5 करोड़ रुपये रह गया। *बीएस*

# उत्पादन से लाभ घटाएगी टाटा पावर

## कंपनी ने लाभ के लिए बनाई नई रणनीति, वितरण और अक्षय ऊर्जा पर रहेगा जोर

**अमृता पिल्लई**
मुंबई, 5 फरवरी

बिजली उत्पादन में अपनी एक सदी से भी अधिक समय की विरासत के साथ टाटा पावर अब अपनी राह बदलने के लिए सतर्क रुख अपना रही है। कंपनी ने एक समयावधि के भीतर उत्पादन कारोबार से प्राप्त मुनाफे को घटाकर महज 20 फीसदी करने और शेष मुनाफा वितरण एवं पारेषण और अक्षय ऊर्जा कारोबार से हासिल करने की योजना बनाई है।

टाटा पावर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी प्रवीर सिन्हा ने कहा, 'फिलहाल इनमें से हरेक श्रेणी में हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। इसे एक समयावधि के भीतर 40 फीसदी, 40 फीसदी और 20 फीसदी करने की योजना है जो मुनाफे के संदर्भ में होगा।'

करीब एक साल पहले टाटा पावर ने अलग-अलग क्लस्टर के तहत अपने विभिन्न कारोबार को एकीकृत किया था जबकि उसकी तापीय परिसंपत्तियां उत्पादन क्लस्टर के तहत हैं। अन्य दो प्रमुख क्लस्टर- टीऐंडडी क्लस्टर और अक्षय ऊर्जा क्लस्टर हैं जिसमें सौर विनिर्माण भी शामिल है। सिन्हा ने कहा कि उत्पादन कारोबार में कोई बड़ा पूंजी निवेश न होने के कारण टीऐंडडी और अक्षय ऊर्जा कारोबार में किए गए निवेश से रिटर्न मिलना अब शुरू हो चुका है।


सिन्हा ने उम्मीद जताई कि केवल टीऐंडडी कारोबार से प्राप्त मुनाफा अगले कुछ वर्षों में दोगुना हो जाएगा। कंपनी के उत्पादन क्लस्टर में कोस्टल गुजरात पावर (सीजीपीएल) शामिल नहीं है। सीजीपीएल मुंद्रा बिजली संयंत्र का परिचालन करने वाली टाटा पावर की सहायक इकाई है।

सिन्हा ने उम्मीद जताई कि मुंद्रा बिजली संयंत्र का घाटा चालू वित्त वर्ष में सबसे कम रहेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2020 के लिए मुंद्रा की वार्षिक घाटा करीब 900 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2019 में यह घाटा 1,700 करोड़ रुपये रहा था। सिन्हा ने कहा, 'पिछले नौ महीने के दौरान मुंद्रा का घाटा 650 से 700 करोड़ रुपये रहा। बेहतर ईंधन प्रबंधन, कोयले की ब्लेंडिंग और कोयला कीमतों में नरमी से मदद मिली। यह मुंद्रा के लिए अब तक का सबसे कम वार्षिक घाटा है।'

कंपनी इंडोनेशिया में अपने खनन लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया में है। सिन्हा ने कहा कि नवीनीकरण के लिए आवेदन अगले महीने जमा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में पीटी कल्टिम प्राइमा कोल के लिए लाइसेंस की अवधि 2021 में खत्म हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि लाइसेंस के नियमों और शर्तों में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं होगा।

मुंद्रा बिजली संयंत्र को शुल्क दरों में संशोधन के लिए विभिन्न राज्यों से मंजूरी मिलने का भी इंतजार है। इससे करीब 50 फीसदी घाटे को पाटने में मदद मिलेगी। इसके अलावा टाटा पावर अपनी गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों को भी भुनाने की तैयारी कर रही है।

### आगे की राह



- अगले कुछ वर्षों में टीऐंडडी से मुनाफा होगा दोगुना
- मुंद्रा का घाटा वित्त वर्ष 2020 में 900 करोड़ रुपये रहने का अनुमान
- अगले एक साल में 1 अरब डॉलर की परिसंपत्तियों का विनिवेश होगा
- लाभ में टीऐंडडी, अक्षय ऊर्जा का योगदान 80 फीसदी होगा

# फिनटेक बाजार में फ्लिपकार्ट की पैठ

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 5 फरवरी

- **ग्राहकों को उधारी, उपकरण बीमा से लेकर विक्रेताओं के वित्त पोषण जैसी पहल से फिनटेक श्रेणी में फ्लिपकार्ट ने 2019 में 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की**

**वॉलमार्ट** के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट भारतीय फिनटेक बाजार में आक्रामक तरीके से अपनी पैठ बनाते हुए एमेजॉन और अलीबाबा के निवेश वाली कंपनी पेटीएम जैसी प्रतिस्पर्धियों को टक्कर दे रही है। फ्लिपकार्ट की फिनटेक श्रेणी ने 2019 में 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। इस श्रेणी में ग्राहकों को उधारी, उपकरण बीमा और विक्रेताओं के लिए वित्त पोषण जैसे कारोबार शामिल हैं।

कंपनी अगले 20 करोड़ ग्राहकों को अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने जा रही है और इसलिए उसने फिनटेक उत्पादों और सेवाओं को ऐक्सेस करने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसमें टियर-2 और टियर-3 शहरों को भी शामिल किया गया है जहां काफी आकर्षण दिख रहा है।

फ्लिपकार्ट की प्रमुख (फिनटेक एवं भुगतान कारोबार प्रमुख) स्मृति रविचंद्रन ने कहा, 'अब हम 20 करोड़ ग्राहक आधार में से करीब 6.5 करोड़ ग्राहकों को उधारी लेने के लिए समर्थ बनाया है। करीब 40 से 45 फीसदी ग्राहकों की पहुंच अभी भी उधारी तक नहीं हो पाई है।' उन्होंने कहा, 'फ्लिपकार्ट का ग्राहक आधार 20 करोड़ से बढ़कर अगले 3 से 4 वर्षों में 30 करोड़ जो जाएगा। इसलिए हमने इन 6.5 करोड़ ग्राहकों को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हमारा उद्देश्य हरेक व्यक्ति को उधारी देना है।'

पीडब्ल्यूसी और उद्योग संगठन एसोचेम की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय फिनटेक बाजार में कुल मिलाकर लेनदेन मूल्य 2019 में करीब 66.1 अरब डॉलर रहा जो 20.18 फीसदी सीएजीआर के साथ बढ़कर 2023 में 137.8 अरब डॉलर होने का अनुमान है। ईवाई ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन इंडेक्स 2019 के अनुसार, उभरते बाजारों में इसका चलन काफी दिखा और वर्ष 2019 में भारत एवं चीन में फिनटेक को अपनाने की दर 87 फीसदी रही जो 64 फीसदी की वैश्विक औसत दर से अधिक है।

रविचंद्रन ने कहा कि कंपनी ने देश में फिनटेक बाजार के विस्तार के लिए त्रिआयामी रणनीति अपनाई है। इसमें डेटा इनसाइट्स, वितरण एवं प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भुगतान को आसान बनाना, विशेष तौर पर टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में ग्राहकों को उधारी के लिए समर्थ बनाना और उन्हें अपनी पंसद के उत्पाद खरीदने में मदद करना शामिल है। ग्राहकों को सरल खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए कंपनी एक नवोन्मेषी बीमा तकनीक का भी इस्तेमाल कर रही है। पिछले महीने फ्लिपकार्ट ने वीजा सेफ क्लिक (वीएससी) को लॉन्च किया। यह फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध एक नया भुतान समाधान है जो उसे भारत के पहले इन-ऐप डिवाइस आधारित नेटवर्क सत्यापन समाधान उपलब्ध कराने में समर्थ बनाता है। इसके लिए 2000 रुपये तक के लेनदेन के लिए ओटीपी की जरूरत नहीं होगी।

# नीलामी में 5जी स्पेक्ट्रम नहीं खरीदेगी भारती एयरटेल

**मेघा मनचंदा**
नई दिल्ली, 5 फरवरी

**भारती** एयरटेल ने बुधवार को कहा कि वह आगामी नीलामी में 5जी स्पेक्ट्रम नहीं खरीदेगी क्योंकि इसकी कीमत काफी ज्यादा है। दूरसंचार नियामक ट्राई की सिफारिश के मुताबिक, 100 मेगाहट्र्ज 5जी स्पेक्ट्रम की लागत करीब 50,000 करोड़ रुपये होगी।

भारती एयरटेल के मुख्य कार्याधिकारी गोपाल विट्ठल ने बुधवार को निवेशकों के साथ बातचीत में कहा, हमारा मानना है कि कीमत काफी ज्यादा है। ऐसे में हम इस कीमत पर खरीद नहीं करेंगे।

दिसंबर 2019 में डिजिटल संचार आयोग ने देश भर में 8,300 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी रिजर्व प्राइस पर करने की योजना को मंजूरी दी थी, जो 5,22,850 करोड़ रुपये तक का होगा। इस बीच, भारती एयरटेल ने कहा कि वह देश के 11 सर्किल में 3जी नेटवर्क बंद करेगी और मुख्य रूप से डेटा की उच्च मांग को पूरा करने के लिए 4जी स्पेक्ट्रम लगाएगी। विट्ठल ने कहा, हमने 11 सर्किल में 3जी बंद करने का काम पूरा कर लिया है और उसे 4जी स्पेक्ट्रम में तब्दील कर दिया है। कंपनी ने कहा कि 3जी को 4जी में तब्दील करने पर पूंजीगत खर्च होगा क्योंकि 4जी की मांग बढ़ी है।

भारती एयरटेल ने मंगलवार को ऐलान किया कि दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध नुकसान 1,035 करोड़ रुपये रहा, जिसकी वजह एजीआर भुगतान के लिए प्रावधान रही। इस तरह से कंपनी ने लगातार तीसरी तिमाही में नुकसान दर्ज किया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 86 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

परिचालन के मोर्चे पर हालांकि कंपनी ने औसत राजस्व प्रति ग्राहक (एआरपीयू) में क्रमिक आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की और यह 128 रुपये से 135 रुपये पर पहुंच गया। सालाना आधार पर मोबाइल राजस्व 9.6 फीसदी बढ़ा क्योंकि अच्छे ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करने और कुछ इलाकों में टैरिफ बढ़ने का फायदा मिला। कंपनी की देनदारी व प्रावधान 30 सितंबर को 34,260 करोड़ रुपये था (8,747 करोड़ रुपये मूलधन, 15,446 करोड़ रुपये ब्याज, 3,760 करोड़ रुपये जुर्माना और ब्याज पर 6,307 करोड़ रुपये जुर्माना)।

# 'ई-कॉमर्स लेनदेन पर टीडीएस का प्रस्ताव गैर-जरूरी'

**बजट** 2020-21 में प्रस्तावित ई-कॉमर्स लेनदेन पर एक प्रतिशत टीडीएस से छोटे कारोबारियों की कार्यशील पूंजी प्रभावित हो सकती है, एमेजॉन इंडिया के प्रमुख (भारत) अमित अग्रवाल ने बुधवार को यह बात कही।

उद्योग संगठन इंटरनेट ऐंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की 14वीं इंडिया डिजिटल समिट में बोलते हुए अग्रवाल ने कहा, 'हालिया बजट को देखें। इसमें स्रोत पर कर संग्रह को शामिल किया गया है। देखने में लगता है कि इससे कोई नुकसान नहीं है लेकिन यह छोटे कारोबारियों की कार्यशील पूंजी को बुरी तरह प्रभावित करता है। अगर आप देखें कि देश में कारोबार करने के लिए प्रत्येक चरण पर कारोबार को किस तरह से पंजीकृत कराया जाता है, यह गैर-जरूरी कदम है।' अग्रवाल आईएएमएआई के अध्यक्ष भी हैं।

अग्रवाल ने कहा कि अगर कारोबारी लेनदेन में आने वाली बाधाओं को हटाना है तो कई और कदम उठाने की आवश्यकता है। अग्रवाल बजट प्रस्ताव में शामिल आयकर अधिनियम संबंधी नई धारा के बारे में बात कर रहे थे जो एक अप्रैल 2020 से प्रभावी होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रस्ताव से ई-कॉमर्स कंपनियों की कार्यशील पूंजी प्रभावित होगी और ऑनलाइन विक्रेताओं का नगदी प्रवाह घटेगा। कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि टीडीएस के चलते नगदी सरकार तथा रिफंड सिस्टम के बीच फंस जाएगी। बजट में प्रस्तावित अधिरोपण की व्याख्या में कहा गया कि इकाई के मालिक के तौर पर परिभाषित ई-कॉमर्स ऑपरेटर, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म का संचालन अथवा प्रबंधन करता है, को बिक्री या सेवा या दोनों की सकल राशि पर एक प्रतिशत टीडीएस काटना होगा। *बीएस*

# आईटीआई ने वापस लिया एफपीओ

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 5 फरवरी

**आईटीआई** लिमिटेड ने कमजोर मांग के कारण बुधवार को 1,300 करोड़ रुपये का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) वापस ले लिया। यह कदम किसी सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के विरले उदाहरण में से एक है जब वह रकम जुटाने की कवायद में नाकाम रही। आईटीआई लिमिटेड दूरसंचार क्षेत्र को तकनीकी समाधान मुहैया कराती है। यह एफपीओ हालांकि सरकार के विनिवेश कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था, लेकिन यह कम पसंदीदा पीएसयू की हिस्सेदारी बिक्री में चुनौतियों को रेखांकित करता है।

आईटीआई ने एक बयान में कहा, बाजार कि मौजूदा परिस्थितियों के कारण कंपनी ने एफपीओ वापस लेने का फैसला लिया है। स्टॉक एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीओ को सिर्फ 62 फीसदी आवेदन मिले थे। आईटीआई ने एफपीओ बंद होने की तारीख दो बार बढ़ाई और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कीमत दायरा भी घटाया था। यह एफपीओ मूल रूप से 28 जनवरी को बंद होना था। पहली बार इसकी तारीख बढ़ाकर 31 जनवरी की गई और दूसरी बार 5 फरवरी। इसका कीमत दायरा



घटाकर 71 से 77 रुपये किया गया, जो पहले 72 से 77 रुपये प्रति शेयर था।

बुधवार को आईटीआई का शेयर करीब 5 फीसदी उछलकर 84 रुपये पर बंद हुआ। इस एफपीओ के जरिए आईटीआई 18.18 करोड़ नए शेयर जारी करने जा रही थी। इस इश्यू के जरिए 20 फीसदी हिस्सेदारी बिकनी थी, जिसका द्वितीयक बाजार की कीमत पर असर पड़ता।

अभी इस कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 90 फीसदी है। आईटीआई का मूल्यांकन अभी 7,550 करोड़ रुपये है। बीओबी कैपिटल मार्केट्स, कार्वी इन्वेस्टर सर्विसेज और पीएनबी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज इस एफपीओ का कामकाज संभाल रही थी।

विगत में सरकारी स्वामित्व वाली इकाइयों मसलन एलआईसी व एसबीआई ने पीएसयू शेयर की बिक्री में काफी मदद की है। बैंकरों ने कहा, आईटीआई के एफपीओ की नाकामी से संकेत मिलता है कि सरकार चाहती थी कि रकम जुटाने की इस योजना को सामान्य मांग का सहारा मिले।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमत और अनिश्चित कारोबारी परिदृश्य से निवेशकों की मांग प्रभावित हुई होगी। एक विश्लेषक ने कहा, कीमत के अलावा निवेशक पिछले वित्त वर्ष में कंपनी के लाभ में गिरावट और कारोबारी परिदृश्य को लेकर चिंतित हैं क्योंकि आईटीआई का अधिकतम कारोबार सराकरी स्वामित्व वाली कंपनियों से आता है, जो बेहतर स्थिति में नहीं है।

आईटीआई इस एफपीओ से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कर्ज समाप्त करने और कार्यशील पूंजी के वित्त पोषण में करने पर विचार कर रही थी। विश्लेषकों ने कहा, कंपनी को अब रकम जुटाने के अन्य तरीके पर नजर डालनी होगी, जिसमें निजी नियोजन शामिल है।

**अमर वाणिज्य लिमिटेड**
CIN: L74900DL1985PLC020118
पंजीकृत कार्यालयः 105, साऊथेक्स प्लाजा-II, लीला राम मार्केट, साऊथ एक्सटेंशन-II, नई दिल्ली - 110 049

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों (अनंतिम) पर विचार एवं अनुमोदन करने के साथ अन्य विषयों पर चर्चा हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 14 फरवरी, 2020 को आयोजित होगी।

कृते **अमर वाणिज्य लिमिटेड**
**अरिन्दम रायचौधुरी**
कंपनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 04.02.2020

**एमसंस इंटरनेशनल लिमिटेड**
सीआईएन नं.: L74899DL1993PLC053060
**पंजी. कार्यालय :** 101/12, कम्यूनिटी सेन्टर, जमरुद्धपुर, नई दिल्ली-110048
**फोन नं. :** 011-29247725
**ईमेलः** co.secy@emmsons.com
**वेबसाइटः** www.emmsons.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ माह के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करने तथा अन्य कोई मामला जो निदेशक मंडल को उचित लगे, के निष्पादन हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की अगली बैठक 101/12, कम्यूनिटी सेन्टर, जमरुद्धपुर, नई दिल्ली - 110048 में **शुक्रवार, 14 फरवरी, 2020 को अप. 3:00 बजे** आयोजित की जायेगी।

उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट www.emmsons.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
हिते **एमसंस इंटरनेशनल लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**राजेश मोंगा**
डीआईएनः 00249642
**पूर्णकालिक निदेशक**
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05.02.2020

SALASAR
SALASAR TECHNO ENGINEERING LIMITED

**सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN: L23201DL2001PLC174076
**पंजीकृत कार्यालयः** ई-20, साउथ एक्सटेंशन-1, नई दिल्ली-110049
**फोनः** +91-11-41648566/8577; **वेबसाइटः** www.salasartechno.com

**नोटिस**

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 47(1), (LODR) के अनुसार, एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि, अन्य विषयों के साथ, 31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही/नौ महीनों के स्वचलित और समेकित गैर-लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और स्वीकृति प्रदान करने के लिये कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 11 फरवरी, 2020 को सांयः 4.00 बजे दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 33, कमर्शियल ब्लॉक, कौशाम्बी, गाजियाबाद- 201012 (उ.प्र.) में आयोजित की जाएगी।

LODR के विनियम 46(2) और 47(2) के अनुरूप, कथित बैठक के विवरण कंपनी की वेबसाइट यानि www.salasartechno.com के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंजों http://www.bseindia.com और http://www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

**सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड के लिये निदेशक मंडल के आदेश द्वारा**
**हस्ता./-**
**(राहुल रस्तोगी)**
**कंपनी सचिव**
**दिनांकः 04 फरवरी,.2020**
**स्थानः नई दिल्ली**

OMAXE
Turning dreams into reality
**ओमेक्स लिमिटेड**
**(सीआईएनः L74899HR1989PLC051918)**
**पंजीकृत कार्यालयः** शॉप न.19-बी, प्रथम तल, ओमेक्स सेलिब्रेशन मॉल, सोहना रोड, गुरूग्राम-122001, हरियाणा
**कार्पोरेट कार्यालयः** ओमेक्स हाउस, 7,एल.एस.सी.,कालकाजी, नई दिल्ली-110019
**दूरभाषः** 91-11-41896680-85
**फैक्सः** 91-11-41896699
**वेबसाइटः** www.omaxe.com
**ईमेलः** secretarial_1@omaxe.com

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के नियम 47 के साथ पठित नियम 29 के अनुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अन्य विषयों के साथ 31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और नौमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) पर विचार एवं अनुमोदन हेतु लेखापरीक्षण समिति और कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक नई दिल्ली में बुधवार 12 फरवरी, 2020 को बोर्ड कक्ष, तृतीय तल, बिल्डिंग नं. 11, लोकल शापिंग काम्पलेक्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 में आयोजित की जायेगी।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि सेबी (अनाधिकृत ट्रेडिंग का निषेध) विनिमय, 2015 बीएसई सर्कुलर नं. LIST/COMP/01/2019-20 व एनएसई सर्कुलर नं. NSE/CML/2019/11 के साथ पढ़े, लागू नियमों और कम्पनी आचार संहिता के अनुसार कंपनी के इक्विटी शेयरो में लेन-देन करने के लिए ''ट्रेडिंग विंडों'' 01 जनवरी, 2020 से स्टॉक एक्सचेंजों में एकल और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रस्तुत करने के 48 घंटे बाद तक बंद रहेंगे। इसकी सूचना सभी नामित कर्मियों को दे दी गई है।

इसलिए उपरोक्त के मद्देनजर शुक्रवार 14 फरवरी 2020 को व्यापारिक समय समाप्त होने तक ट्रेडिंग विन्डो बन्द रहेगी।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.omaxe.com और स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कंपनी के शेयरों सुचीबद्ध है, की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

**कृते ओमेक्स लि.**
**हस्ता./-**
**(रोहताश गोयल)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**गुरूग्राम**
**05.02.2020**

**ऑरटेल कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड**
**(सीआईआरपी के तहत कंपनी)**
**पंजीकृत कार्यालयः बी-7/122ए, सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली-110029**
**सीआईएनः** L74899DL1995PLC069353
**वेबसाइटः** www.ortelcom.com

**नोटिस**

सेबी (सूचीबद्ध उत्तरदायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 47 के प्रावधानों के अनुसार सूचित किया जाता है कि ऑरटेल कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) के संकल्प प्रफेशनल (आरपी) की बैठक बुधवार, दिनांक 12 फरवरी, 2019 को आयोजित होना निर्धारित है जिसमें अन्य कार्यसूची मदों के साथ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन किया जायेगा।

इस नोटिस में निहित सूचना कंपनी की वेबसाइट www.ortelcom.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. और बीएसई इंडिया लि. की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

ऑरटेल कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
कंपनी सचिव
**स्थानः भुवनेश्वर**
**दिनांकः 05.02.2020**

**श्री श्रीगोपाल चौधरी (''आरपी''), पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P01238/2018-2019/11893 के अनुमोदन से जारी**
**(ऑरटेल कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड इन्सॉल्वेंसी एंड बैंगक्रप्सी कोड, 2016 की कारपोरेट इन्सॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रक्रिया के तहत है। इसके कार्य, व्यवसाय और परिसंपत्तियाँ कोड के प्रावधानों के तहत 01 फरवरी, 2019 के आदेश द्वारा राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण द्वारा नियुक्त संकल्प प्रफेशनल श्री श्रीगोपाल चौधरी द्वारा संभाले जा रहे हैं)**

**अंकुर मार्केटिंग लिमिटेड**
**CIN - L52110DL1985PLC020054**
पंजीकृत कार्यालयः डी-9, जंगपुरा एक्सटेंशन, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली-110014
कॉरपोरेट कार्यालयः 210, रूबी पार्क, कस्बा रथतला, कोलकाता-700078
दूरभाषः 033 7130 0203; ई-मेलः ankurmarketing85@gmail.com
वेबसाइटः www.ankurmarketing.com

**सूचना**

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन 2015 के विनियमन 29 एवं 47 के अनुपालन के तहत एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं नौ महीने के लिए अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल) पर विचार एवं अनुमोदन के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 13 फरवरी, 2020 को 210, रूबी पार्क, कस्बा रथतला, कोलकाता-700078 में आयोजित की जाएगी।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **अंकुर मार्केटिंग लि,**
हस्ताक्षर
**दिव्या सिंह**
कंपनी सचिव
स्थान : **दिल्ली**
दिनांक : **06/02/2020**

TATA POWER-DDL
**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड**
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली-110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाईट : www.tatapower-ddl.com

**निविदा सूचना आमंत्रित** Feb 06, 2020

**टाटा पावर-डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता हैः**

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिकी | बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|
| **TPDDL/ENGG/ENQ/200001200/19-20** Supply of MCCB of 8 Ratings | 29.07 Lacs/ 73,000 | 06.02.2020 | 27.02.2020;1600 Hrs/ 27.02.2020;1700 Hrs |
| **TPDDL/ENGG/ENQ/200001199/19-20 Rfx. 5000001619** RC for Metallic Distribution Box (For LT) | 85.50 Lac / 2.11 Lac | 06.02.2020 | 27.02.2020;1600 Hrs/ 27.02.2020;1630 Hrs |
| **TPDDL/ENGG/ENQ/200001201/19-20** SITC of Power Quality Meter | 86.68 Lac / 2.20 Lac | 06.02.2020 | 27.02.2020;1400 Hrs/ 27.02.2020;1430 Hrs |
| **TPDDL/PMG/Tender/Non-Solar/ Purchase-2020/01** Notice Inviting bids for Purchase of up to 150 MW RTC non solar power on firm basis for the period of 01.05.2020 to 15.10.2020. | As per Guidelines* | 07.02.2020 | 21.02.2020;/ 24.02.2020; |

* EMD as per Revised Guidelines for short term procurement of power notified by the Ministry of power vide resolution dated 30th March 2016, through e-bidding portal (DEEP)

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com**→Vendors Zone→Tender / Corrigendum Documents
**Contracts - 011-66112222**

**बिज़नेस स्टैंडर्ड**
दिल्ली संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित**
**संपादकः कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० DELHIN/2008/27804
पाठक संपादक को **lettershindi@bsmail.in** पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन- 011-23720202-10 फैक्स 011-23720201
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया सम्पर्क करें..
**सुश्री मानसी सिंह**
हेड कस्टमर रिलेशन्स
**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड,** एच/4 एवं आई/3, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013
ई मेल.. **subs_bs@bsmail.in**
या 57007 पर एसएमएस करें **SUB BS**

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है।
बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

**कोई हवाई अधिभार नहीं**

BARODA MUTUAL FUND

Baroda MUTUAL FUND
The Bank of Baroda logo belongs to Bank of Baroda and is used under license.

**सूचना सं. 09/2020 - प्रस्ताव हेतु आग्रह (आरएफपी)**

बड़ौदा म्युचुअल फंड की निवेश प्रबंधक बड़ौदा असेट मैनेजमेंट इंडिया लिमिटेड (''**एएमसी**'') ''समामेलन हेतु प्रोग्राम मैनेजमेंट सपोर्ट'' के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह (''**आरपीएफ**'') आमंत्रित करता है.

एएमसी की वेबसाइट www.barodamf.com पर डाउनलोड टैब के निविदा खंड़ के अंतर्गत विवरण उपलब्ध.

कोई ''परिशिष्ट'' होने पर उसे एएमसी की वेबसाइट के उपरोक्त खंड़ के अंतर्गत जारी किया जाएगा. ईच्छुक बोलीकर्ता अंतिम प्रस्ताव जमा कराने से पूर्व इसको पढ़ लें.

उक्त निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि गुरुवार, 27 फरवरी, 2020 सुबह 11.00 बजे तक है.

**बड़ौदा असेट मैनेजमेंट इंडिया लिमिटेड के लिए**
**(पूर्व नाम बड़ौदा पायोनियर असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड)**
(बड़ौदा म्युचुअल फंड के निवेश प्रबंधक)
**Sd/-**
**अधिकृत हस्ताक्षरिती**
**स्थान : मुंबई**
**तिथि : 5 फरवरी 2020**

**म्यूचुअल फंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, स्कीम से संबंधी सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
**बड़ौदा असेट मैनेजमेंट इंडिया लिमिटेड के लिए**
(पूर्व नाम बड़ौदा पायोनियर असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड)
सीआईएन : U65991MH1992PLC069414
501, टाइटॅनियम, 5वीं मज़िल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 400 063.
**टेलीफोन नं. :** +91 22 6848 1000 • **टोल फ्री नं. :** 1800 267 0189
**हमें यहाँ विज़िट करें :** www.barodamf.com • **ईमेल :** info@barodamf.com